बैंक ऑफ़ बड़ौदा
Bank of Baroda

वेबसाइट:www.bankofbaroda.in ईमेल:corp.pr@bankofbaroda.com

स्थान: मुंबई तारीख:--20.09.2023

प्रेस विज्ञप्ति

"बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा UPI LITE - स्मॉल वैल्यू ऑन डिवाइस वॉलेट का शुभारंभ

कम मूल्य के लेनदेन को तेजी से और सुरक्षित तरीके से करने की प्रक्रिया हुई आसान

मुंबई, सितंबर 20, 2023: भारत के प्रमुख सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में से एक, बैंक ऑफ बड़ौदा ने UPI LITE - स्मॉल वैल्यू ऑन डिवाइस वॉलेट का शुभारंभ किया। UPI LITE एक ऐसा वॉलेट है जिसके माध्यम से उपयोगकर्ताओं को बिना UPI पिन का उपयोग किए केवल एक टैप से तत्काल, डिजिटल भुगतान करने की सुविधा मिलती है। UPI LITE ग्राहकों को व्यस्ततम घंटों के दौरान कई छोटे मूल्य के लेन-देन करने की सुविधा देता है। UPI LITE वॉलेट में किसी भी समय पर अधिकतम शेष राशि 2,000 रुपए से अधिक नहीं हो सकती।

इस सेवा का उपयोग करने के लिए ग्राहकों को BHIM या किसी भी UPI LITE समर्थन वाले ऐप पर UPI LITE को एक्टिव करना होगा। LITE सक्रियण के दौरान, ग्राहक अपने बैंक ऑफ बड़ौदा के UPI से लिंक बैंक खाते के माध्यम से अपने UPI LITE खाते में धनराशि जमा कर सकते हैं। मर्चेन्ट ग्राहकों से निर्बाध त्वरित भुगतान प्राप्त कर सकेंगे। ग्राहक वॉलेट बैलेंस का उपयोग किराना दुकानों, फार्मेसी, रेस्टोरेंट्स, दुकानें, ईंधन रिटेल आउटलेट्स, और अन्य स्थानों पर छोटे मूल्य के कैशलेस भुगतान करने के लिए कर सकते हैं। UPI LITE छोटे मूल्य की भुगतानों को प्रोसेस करके सिस्टम पर लोड को कम करने में मदद करेगा, कम मूल्य के लेन-देन की सफलता दर को बेहतर बनाएगा और उपयोगकर्ता के अनुभव को और समृद्ध बनाएगा।

ग्राहक द्वारा UPI LITE खाता सक्रिय करते ही, उसके अनुमत सीमा के अनुसार छोटे मूल्य के डिजिटल लेन-देन बिना किसी अतिरिक्त कारक प्रमाणीकरण (AFA) के LITE खाते से डेबिट किए जाएंगे। हालांकि, UPI LITE में फंड रिचार्ज या जमा करने वाले उपयोगकर्ताओं को अतिरिक्त प्रमाणीकरण कारक दर्ज करने की आवश्यकता होगी। UPI LITE को निष्क्रिय करने पर, UPI LITE वॉलेट में शेष राशि प्राथमिक LITE बैंक खाते में वापस क्रेडिट की जाएगी।

बैंक ऑफ बड़ौदा द्वारा 6 सितंबर 2023 को आयोजित ग्लोबल फिनटेक फेस्ट 2023 के दौरान भारतीय रिज़र्व बैंक के गवर्नर श्री शक्तिकांत दास के कर-कमलों से UPI Lite X का पायलट आधार पर शुभारंभ किया गया।

बैंक ऑफ बड़ौदा के कार्यपालक निदेशक, श्री जयदीप दत्ता रॉय ने कहा, "आज UPI उपभोक्ताओं के लिए सबसे पसंदीदा डिजिटल भुगतान तरीके में से एक है, क्योंकि भुगतान करने की सरलता और सुविधा के अलावा सुरक्षा और अंतरसंचालनीयता विशेषताओं के साथ यह उपयोगकर्ता को एक उत्कृष्ट अनुभव प्रदान करता है। बैंक ऑफ बड़ौदा एक अग्रणी UPI रिमिटर बैंकों में से एक है और हमारी UPI LITE

सुविधा का शुभारंभ UPI की ग्राह्यता को और भी गति प्रदान करेगा और डिजिटल वित्तीय समावेशन को प्रोत्साहित करने में मदद करेगा।"

About Bank of Baroda
Founded on 20th July, 1908 by Sir Maharaja Sayajirao Gaekwad III, Bank of Baroda is one of the leading commercial banks in India. At 63.97% stake, it is majorly owned by the Government of India. The Bank serves its global customer base of over 165 million through over 70,000 touchpoints spread across 17 countries in five continents. Through Its state-of-the-art digital banking platforms, it provides all banking products and services in a seamless and hassle-free manner. The Bank's bob World mobile app provides customers with a saving, investing, borrowing, and shopping experience, all under one single app. The app also serves non-customers by enabling account opening through video KYC. The Bank's vision matches its diverse clientele base and instills a sense of trust and security. It is moving well in that direction and bob World is a testimony of its roadmap towards Digital Transformation.

- Visit us at www.bankofbaroda.in
- Facebook https://www.facebook.com/bankofbaroda/
- Twitter https://twitter.com/bankofbaroda
- Instagram https://www.instagram.com/officialbankofbaroda/
- YouTube https://www.youtube.com/channel/UCdf14FHPLt7omkE9CmyrVHA
- LinkedIn https://www.linkedin.com/company/bankofbaroda/

For media queries, please contact:

Bank of Baroda contact: Phiroza Choksi | +91 9820363681 | corp.pr@bankofbaroda.com
Perfect Relations - Sneha Joshi | +91 9833004482 | Sneha.Joshi@dentsu.com